**खबर संक्षेप**

### अटल बिहारी के जन्म शताब्दी स्वास्थ्य केंद्र में फलों का वितरण

**नारायणगंज।** जनपद पंचायत नारायणगंज में पूर्व प्रधानमंत्री माननीय अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणगंज में मरीज को फलों का वितरण किया गया जिसमें भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष रतन सिंह ठाकुर जनपद अध्यक्ष आसाराम भारतीय मनोज मिश्रा मंडल अध्यक्ष किशन तेकाम दीपक पदम सुंदर सोनी, मुदकिशोर साहू गया चक्रवर्ती अरुण यादव सुनील मोगरे नारायण वरमैया सतीश मरावी कृष्णकांत सिंगरौरे सोनू माझी अभिषेक शर्मा मुकेश नामदेव आदि भाजपा के कार्यकर्ताओं ने फलों का वितरण किया गया।

### बहुजन समाज पार्टी ने रैली निकालकर बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर का सम्मान कर राष्टपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**मण्डला।** बहुजन समाज पार्टी के जिला शाखा मण्डला अध्यक्ष रामकुमार चौधरी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर अवगत कराया कि संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान केन्द्रीय गृहमंत्री अमितषाह ने भारतीय संविधान के निर्माता और प्रेरणास्त्रोत बाबा साहेब डॉ. बी.आर. अम्बेडकर के प्रति अमर्यादित और उपहास पूर्ण शब्द का उपयोग किया यह न केवल अशोभनीय है बल्कि बाबा साहेब के प्रति गहरी असंवेदनशीलता और जातिवादी मानसिकता को प्रदर्शित करता है। ज्ञापन सौंपने के दौरान बहुजन समाज पार्टी के इंदरसिंह उइके प्रमुख जिला प्रभारी, उदय चौधरी जिला प्रभारी, उत्तम चौधरी जिला प्रभारी, जिलाध्यक्ष आर.के.चौधरी, सुरेन्द्र चौधरी वरिष्ठ पदाधिकारी, अमरसिंह झारिया, षिवचरण उइके उपाध्यक्ष, राकेश चौधरी एड्व्होकेट महासचिव, प्रेमसिंह पन्द्रो, नैनपुर के मुलायम देषिया, राजाराम देषिया, सहित काफी संख्या में बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**अटल जी की 100वीं जयंती पर भाजपा कार्यालय में लगी फोटो प्रदर्शनी**

# जननायक की याद में कवि सम्मेलन





*** तुलसी पूजन दिवस पर भी हुये विभिन्न आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष देश के सर्वमान्य नेता पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी की 100 जयंती पर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में कवि सम्मेलन आयोजित किया गया कवि सम्मेलन में उपस्थित कवियों ने अटल जी के व्यक्तित्व कृतित्व के साथ उनके प्रधानमंत्री काल में किए गए ऐतिहासिक कार्यों को कविताओं के रूप में साझा किया उन्होंने कहा की अटल बिहारी वाजपेई भारत रत्न ही नहीं वे विश्वरत्न है। आयोजित कवि सम्मेलन उपरांत मंच पर उपस्थित कवियों का भाजपा जिला अध्यक्ष श्री भीष्म द्विवेदी सहित वरिष्ठ भाजपा नेताओं के द्वारा श्रीमती प्रीति दुबे, प्रज्ञा बाजपेयी, नीलम खरे, नवनीता दुबे, नवीन जैन, श्याम बैरागी, प्रो .राजेश ठाकुर को शाल श्रीफल से सम्मान कर उन्हें पौधा भेंट किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया।

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जीवन और योगदान पर आधारित फोटो प्रदर्शनी लगाई गयी।

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 100 वीं जयंती के अवसर पर उनके जीवन, प्रेरक व्यक्तित्व, राष्ट्रहित में उनके द्वारा किये गये कार्यों एवं देश के प्रति योगदान पर आधारित वृहद फोटो प्रदर्शनी जिला कार्यालय की गैलरी पर लगाया गया। फोटो प्रदर्शनीय का अवलोकन बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया।

### इनर व्हील क्लब की महिलाओं ने मनाया तुलसी पूजन दिवस





इन्हरव्हील क्लब मण्डला मेकल के सदस्यों के द्वारा बुधवार को माहिष्मती घाट मण्डला पर तुलसी पूजन दिवस मनाया गया। क्लब के सदस्यों ने बताया कि हमारी संस्कृति की मान्यता के अनुसार तुलसी माता का अपना महत्व है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार तुलसी माता को पूज्य माना गया है। धार्मिक कार्यों में तुलसी माता का अपना महत्व है, यह खास दिन होता है जब हम तुलसी पूजन का पर्व मनाते हैं,धार्मिक मान्यताओं के साथ-साथ स्वास्थ्य की दृष्टि से भी तुलसी के पौधे का अपना महत्व है। इस अवसर पर क्लब सदस्यों ने माता तुलसी की पूजा अर्चना की,पीले एवं लाल रंग के पारंपरिक परिधानों में क्लब सदस्यों ने आयोजन किया। इसमें तुलसी माता की परिक्रमा की,आयोजन में सभी उपस्थित जनों को श्रृंगार सामग्री भेंट की गई,पूजन के समय परिवारों की खुशहाली के लिए कामना की, तुलसी पूजन के पश्चात सभी उपस्थित जनों को मीठा एवं प्रसाद का वितरण किया गया। तुलसी पूजन दिवस के आयोजन पर इनर व्हील क्लब अध्यक्षा मोना जैन, सचिव श्रद्धा तपा, त्रिवेणी पटैल, रूबी तपा, प्रिया पमनानी, अनीता चंद्रोल, सुनीता पमनानी, कंचन क्षत्री, दीपा खण्डेलवाल, अनु चौरसिया, कमला बानी, किरण पमनानी, अनुराधा चौरसिया, आरती ब्रजपुरिया एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# एनसीसी कैडेट्स ने आर्मी ड्रिल के सीखे गुर



*** वन एमपी आर्टी रेजिमेंट ने ब्रेन चाइल्ड एकेडमी में किया ड्रिल टेस्ट का आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

वन एमपी आर्टी रेजिमेंट एनसीसी ने ब्रेन चाइल्ड एकेडमी स्कूल, मंडला में डीएसटी (ड्रिल स्क्वाड टेस्ट) ड्रिल टेस्ट का आयोजन किया। यह कार्यक्रम कमांडिंग ऑफिसर कर्नल विक्रांत त्यागी, सेना मेडल के निर्देशन में संपन्न हुआ, जिसमें मण्डला जिले के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के एनसीसी कैडेट्स ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एनसीसी कैडेट्स को आर्मी ड्रिल की बारीकियों से परिचित कराना और उनमें अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास को बढ़ावा देना था। इस दौरान कैडेट्स को आर्मी ड्रिल के विभिन्न पहलुओं, जैसे परेड मूवमेंट, आदेश मानने की तकनीक और ड्रिल अनुशासन के बारे में विस्तार से सिखाया गया।

कैडेट्स ने पूरे जोश और उत्साह के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया। डीएसटी ड्रिल टेस्ट ने उन्हें सिखाया कि एक सैनिक के लिए अनुशासन और टीमवर्क कितना महत्वपूर्ण होता है। इस अवसर पर कमांडिंग ऑफिसर कर्नल विक्रांत त्यागी, सेना मेडल ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा, एनसीसी सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं है, यह जीवन में अनुशासन और नेतृत्व का मार्गदर्शन करने का जरिया है। कार्यक्रम के अंत में सभी कैडेट्स ने इस अनुभव को अपनी शिक्षा और प्रशिक्षण के लिए अमूल्य बताया। उन्होंने कहा कि यह अवसर उनके व्यक्तित्व विकास और भविष्य के लिए बहुत प्रेरणादायक रहा। यह आयोजन न केवल कैडेट्स को नई सीख देने वाला रहा, बल्कि यह उनके भीतर देशभक्ति और सेवा के जज्बे को भी मजबूत करने वाला साबित हुआ। मण्डला में इस तरह के आयोजन से एनसीसी की महत्ता और प्रभाव को और अधिक बल मिला है।



## समाज को जोड़कर चलना ही शिशु मंदिर के कार्य का आधार-अखिलेश जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के मध्य क्षेत्र के शह क्षेत्र संगठन मंत्री अखिलेश जी भाईसाब का महाकौशल प्रवास के दौरान मण्डला विभाग में प्रवास हुआ जिसमें प्रांत के संगठन मंत्री अमित दवे के साथ प्रादेशिक सह सचिव नितिन चौधरी एवं प्रारंभिक शिक्षा के क्षेत्र संयोजक राम बहोरी पटेल मण्डला विभाग के दो जिले मण्डला एवं डिंडोरी के जिला टोली एवं प्रत्येक विद्यालय के प्राचार्य, प्रधानाचार्य, व्यवस्थापको के साथ समिति पदाधिकारियों की बैठक लिए जिसमें कार्य विस्तार की दृष्टि से परिचय आत्मक सत्र किया गया उसके बाद में अखिलेश जी ने सरस्वती शिशु मंदिरों के विकास के लिए समाज से सहयोग लेकर समाज को जोड़कर एवं समितियां में सभी प्रकार की उम्र के लोगों के विभिन्न क्षेत्र के अनुभवियों को भी समितियां में उनका सहयोग लेना चाहिए साथी उन्होंने यह भी कहा कि विद्यालय विस्तार की दृष्टि से समाज से सहयोग लेकर ही संसाधनों का विकास करना चाहिए जिससे समाज आधारित विद्यालय खड़ा हो, सत्ता आधारित सहयोग सीमित समय के लिए होता है और समाज आधारित सहयोग अनंत समय तक के लिए मिल सकता है। शैक्षणिक विकास की दृष्टि से उन्होंने आधुनिक संसाधनों के साथ-साथ अंग्रेजी के विकास के लिए भी जोर दिया। मण्डला विद्यालय को विकाश की दीर्घ कालीन योजना बनाकर कार्य करने पर जोर दिया जाना चाहिए। बैठक उपरांत विद्यालय की शिशु वाटिका का निरीक्षण किया गया जिसकी भूरी भूरी प्रशंसा की गई।

बैठक का समापन जिला केंद्र संस्था प्राचार्य कमलेश अग्रहरि ने शांति मंत्र के साथ किया। इस अवसर पर दोनों जिलों के जिला जिला सचिव ग्राम भारती के अध्यक्ष सचिव सभी विद्यालयों के व्यवस्थापक प्राचार्य प्रधानाचार्य ग्राम भारती के समन्वयक वनांचल शिक्षा के समन्वयक आदि जिला टोली के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति सराहनीय रही।

## चौरसिया नवयुवक मंडल के हुए चुनाव, दीपक चौरसिया बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



चौरसिया समाज मण्डला के नवयुवक मंडल का चुनाव आज दादी की बाघिया में संपन्न हुआ। जिसमें समाज के नवयुवकों के बड़े उत्साह के साथ शिरकत की। आज नए अध्यक्ष के साथ-साथ नई कार्यकारिणी का भी गठन चुनाव में किया गया। इस चुनाव में युवाओं ने समाज की समस्याओं के निवारण और समाज के विकास के लिये खुलकर अपने पक्ष रखे और अध्यक्ष के साथ साथ कार्यकारिणी का चुनाव किया।

यह कार्यक्रम समाज के वरिष्ठ नागरिकों विजय चौरसिया,अत्तू चौरसिया, अरुण चौरसिया, आनंद चौरसिया, प्रमोद पप्पू चौरसिया (बम्हनी), अमित चौरसिया, पप्पू चौरसिया, नवीन चौरसिया की निगरानी में किया गया। इस चुनाव में दीपक चौरसिया (दीप्पु) को नवयुवक मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया इनके साथ साथ मनीष चौरसिया और दीपांशु चौरसिया को उपाध्यक्ष, अनिकेत चौरसिया को सचिव नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी में महासचिव के पद के लिये आदित्य चौरसिया और शिवम् चौरसिया, संयुक्त सचिव के पद के लिए सचिन चौरसिया और एड सैंकी चौरसिया को नियुक्त किया गया साथ ही साथ कोषाध्यक्ष के पद में ऋषभ चौरसिया को और इनका सहयोग करने के लिये उपकोषाध्यक्ष के पद में सुलभ चौरसिया को नियुक्त किया गया। संगठन मंत्री के पद में मयूर चौरसिया, प्रथमेष मोदी, तुषार चौरसिया, प्रचार मंत्री के पद के लिए आयुष चौरसिया और निशांत चौरसिया को तथा सोशल मीडिया प्रभारी के रूप में शिवम चौरसिया मनु और एकांत चौरसिया को नियुक्त किया गया। साथ ही साथ कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शिवांश चौरसिया, आकाश दीप चौरसिया, रिंकू चौरसिया, अर्पित चौरसिया, यश चौरसिया, अमित चौरसिया को नियुक्त किया गया।

**प्रदर्शन** | **माँ नर्मदा जी की नगरी को शराब मुक्त कराने जारी है मुहिम।**

# शराब के विरूद्ध छात्र संगठन ने प्रारंभ किया धरना

*** पवित्र नगरी को मिले उसका वही सम्मान।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



माँ नर्मदा जी की पवित्र नगरी मंडला में अवैध शराब तस्करी रोकने भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने हृदयनगर कंपोजिट शराब दुकान के सामने अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन प्रारंभ कर दिया है।

आबकारी आयुक्त मध्य प्रदेश के द्वारा अवैध शराब के प्रचलन पर रोक लगाए जाने के उद्देश्य से सम्पूर्ण मध्य प्रदेश राज्य में विशेष अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए गए हैं, परन्तु मंडला जिले और शहर के उपनगरीय क्षेत्र महाराजपुर के मां नर्मदा जी के तट से लगे इलाकों पर होटल ढाबों किराना पान दुकानों से शराब की बिक्री की जा रही है। जिला आबकारी विभाग के अधिकारी कर्मचारी अपने सेटअप और खाना पूर्ति में लगे रहते हैं कुछ अवैध शराब व्यापारियों को उनके द्वारा कॉल कर पहले ही सूचित कर दिया जाता कि 10 या 12 पाव का मामला बनवा लो, छोटे-छोटे शराब व्यापारियों को पकड़कर उनके खिलाफ कार्यवाही कर विभाग अपनी ही पीठ थपथपा लेता है।

मंडला जैसे पवित्र स्थानों पर गली गली शराब बेची जा रही है जिससे समाज में अपराध और घटनाएं बढ़ती जा रही हैं।

सरकार के आदेश के खिलाफ प्रशासन लगातार मौन रख कर शराब माफिया को संरक्षण दे रहा है आबकारी विभाग के दल को यह सूचना होती है कि माँ नर्मदा जी के किनारे किन किन क्षेत्रों में अवैध शराब बनाए जाने तथा काफी अधिक मात्रा में अवैध रूप से हाथ भट्टी कच्ची शराब बनाई जाती है और उसे आस-पास के बहुत से ग्रामीण क्षेत्रों में सप्लाई किया जाता है, जिससे जनहानि होने की आशंका रहती है। इसीलिए इस पर अंकुश लगाए जाने की आवश्यकता है। विभाग की अराजकता के चलते जनता में भारी आक्रोश है, जनता की सुरक्षा और धार्मिक मान्यताओं के संरक्षण के लिए कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ मंडला ने थाना प्रभारी महाराजपुर को ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की है।

इस धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से एन एस यू आई मण्डला, शहर कांग्रेस मण्डला, युवा कांग्रेस मण्डला जिला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कांग्रेसजन उपस्थित रहेंगे।

### इसलिये हो रहा धरना

1. हदयनगर कम्पोजिट शराब दुकान हाई स्कूल के समीप होने के कारण आसपास के कई गाँवो से आने वाली छात्राओं को शरबियों के द्वारा छेड़छाड़ करना एवं अभ्रद भाषा का इस्तेमाल करने के विरोध में।
2. म.प्र. के प्रसिद्ध छपरामाता मंदिर के पास शराब दुकान होने के कारण माताओं एवं बहनो को शरबियो के द्वारा छेड़छाड़ करना एवं अभ्रद भाषा का इस्तेमाल करने के विरोध में।
3. हदयनगर कम्पोजिट शराब दुकान से मण्डला नगर के 24 वाडों में 5 कि.मी. प्रतिबंधित क्षेत्रा में 24 घण्टे उक्त दुकान से अवैध परिवहन करके शराब पंहुचाने के विरोध में।

## बीएसवीपी ने तुलसी पूजन एवं गर्म कपड़े वितरण कर मनाया गुरु गोविंद सिंह परिवार शहीदी दिवस

*** बीएसवीपी ने पहली अपने कार्यक्रम में बुलाया 9 वर्ष के बालक को मुख्य अतिथि।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



मण्डला जिले की सक्रिय सामाजिक संस्था भागीरथ सेवा विकास परिवार प्रत्येक वर्ष गुरु गोविंद सिंह परिवार के शहीदी दिवस पर जनजागरण और सेवा के कार्यक्रम करते आया है यह कार्यक्रम की श्रंखला लगभग 8 वर्षों से निरंतर चल रहा है आज इसेके निमित्त मंडला से 15 किलोमीटर दूर ग्राम छपरी में सामाजिक संस्था भागीरथ सेवा विकास परिवार द्वारा तुलसी माता पूजन और आसाहाय बच्चों को शीत लहर से बचने के लिए गर्म कपड़े वितरण स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर गुरु गोविंद सिंह जी के परिवार का शहीदी दिवस मनाया और स्थानीय ग्रामवासियों को स्वस्थ रहने के लिए जागरूक किया कार्यक्रम उपस्थित लोगों का निशुल्क जांच एवं उन्हें दवा वितरण किया गया एवं सिकल सेल एनीमिया की समय पर जांच कराने की अपील भी संस्था ने किया। आज के कार्यक्रम की मुख्य विशेषता यह रही कि मुख्य अतिथि के रुप में वूशु मार्शल आर्ट खिलाड़ी 9 वर्षीय आशुतोष जायसवाल को संस्था ने अपने कार्यक्रम में बुलाया और और कार्यक्रम में आए उसी के आयु के बच्चों से मित्रता कर अपने साथियों को गर्म कपड़े वितरण किया और आशुतोष जायसवाल ने अपने विचार रखते हुए अपने मित्रों से चर्चा किया कि आप सभी भी खेल के प्रति आगे आए और किसी भी एक भारतीय खेल के प्रति रूचि दिखाएं और आगे बढ़े।

कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामवासियों द्वारा माता तुलसी पूजन किया गया और आज के इस विशेष दिन को याद किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में संस्था के अध्यक्ष अजय कुमार वंशकार ने भी अपनी संपूर्ण बात स्थानीय ग्रामवासियों के समक्ष रखी। कार्यक्रम के पश्चात लगभग 40 बच्चों को गर्म कपड़े वितरण किए गए। इस अवसर पर कार्यक्रम में सरपंच श्रीकांत मार्को पत्रकार राजेश कुमार सिंगरोरे एवं समिति से समाजसेवी विकास जायसवाल डॉ रविन्द्र प्राप्त सिंह संतोष कुमार मरावी आयुर्वेद चिकित्सक बेनी राम दादा संध्या कान्ड्रा शीतल कुमार कछवाहा साहिल लहोरिया रोहित यादव अरविंद बरमैया तारा मरावी अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# जिले के सभी मतदान केंद्र में मनाई गई अटल जी जन्म शताब्दी

## अटल बिहारी वाजपेई के नाम से जाना जाएगा गाड़ासरई मंडल

भारतीय जनता पार्टी के यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा के निर्देशानुसार एवं संभाग प्रभारी व प्रदेश महामंत्री कविता पाटीदार, जिला प्रभारी गिरीश द्विवेदी के मार्गदर्शन में व भाजपा जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में सुशासन दिवस के अवसर पर जिले के सभी 655 मतदान केंद्रों पर सुशासन दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया,

डिण्डोरी





जिसमें भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी के तेलीय चित्र पर माल्यार्पण कर सुशासन दिवस मनाया गया। इसी तारतम्य में जिला भाजपा कार्यालय के समीप अटल बिहारी वाजपेई जी की प्रतिमा पर भाजपा जिला अध्यक्ष के द्वारा माल्यार्पण कर नमन किया गया साथ ही उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस दौरान वरिष्ठ नेता अशोक अवधिया, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेंद्र सिंह राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष रूद्रेश परस्ते, जिला महामंत्री जयसिंह मरावी, पूर्व विधायक दुलीचंद उरैती, वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला महामंत्री राजेंद्र प्रसाद पाठक, सुरेंद्र कुमार दुबे, जिला उपाध्यक्ष महेश सिंह पाराशर, जिला मंत्री सपना जैन, जिला मीडिया प्रभारी सुधीर दत्त तिवारी, जिला कार्यालय मंत्री पुनीत जैन, जिला सोशल मीडिया संयोजक पवन शर्मा, सह संयोजक अविनाश सैनी, अजजा मोर्चा जिला अध्यक्ष महेश सिंह धूमकेती, अजा मोर्चा जिला अध्यक्ष परशराम नागेश, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष दशरथ सिंह राठौड़, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नरवदिया मरकाम, मंडल अध्यक्ष आशीष वैश्य, वरिष्ठ नेता मान बहादुर सिंह, जयसिंह राजपूत, वीरेंद्र बिहारी शुक्ला, ग़ामूसिंह परमार, जितेंद्र ब्यौहार, हेम सिंह राजपूत, मंडल महामंत्री भागीरथ उरैती, चंद्रशेखर नायक, मंडल मंत्री नीलू जैन, कुंवारिया मरावी, अजय बर्मन, शत्रुघ्न पाराशर, बलराम सिंह राठौर, तरुण ठाकुर, धनेश धनंजय, शांतनु पाठक, सरजू प्रसाद ठाकुर सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

### अटल बिहारी वाजपेई नामकरण किया गया गाड़ासरई मंडल

भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती पर मण्डल गाड़ासरई में उनके तेलीय चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया गया ! साथ ही आज नव गठित गाड़ासरई मण्डल का नामकरण अटल बिहारी वाजपेयी मण्डल के नाम से प्रस्ताव मण्डल अध्यक्ष राजेश्वर साहू द्वारा रखा गया जी जिसकी घोषणा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजय साहू के द्वारा किया गया है सर्व सम्मति से इस प्रस्ताव का समर्थन किया गया है !यह बहुत ही हर्ष का विषय है! जिला अध्यक्ष अवध राज बिलैया ने भी इसका समर्थन किया है! कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजय साहू , मण्डल अध्यक्ष गाड़ासरई राजेश्वर साहू, मण्डल उपाध्यक्ष जय कुमार, कार्यालय मंत्री घनश्याम साहू, प्रशांत सिसोदिया, राम विशाल, मंजू नामदेव, उदित नामदेव , राजू दहिया, सुधीर सोनी आदि ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता बंधू और जनता जनार्दन उपस्थित रहे है।

### शहपुरा में मनाई गई अटल जी की जन्म शताब्दी

भारतीय जनता पार्टी मंडल शहपुरा के द्वारा नगर के शहीद स्मारक चौराहे पर देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की जन्मशताब्दी मनाई गई अटल बिहारी वाजपेई जी के तैल चित्र पर कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ जन श्याम गुप्ता विष्णु अवधिया ज्ञानदीप त्रिपाठी ने अटल बिहारी वाजपेई के जीवन चरित्र पर विस्तृत प्रकाश डालकर संबोधन व्यक्त किया इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रियंका आर्मो भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ की जिला संयोजक डॉक्टर श्वेता जैन पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता बालमुकुंद सोनी भीमसेन गुप्ता मंडल अध्यक्ष अधिवक्ता भजन दास चक्रवर्ती मंडल पार्षद सुरेंद्र साहू राजेश साहू मुकेश गुप्ता मुकेश साहू नितिन गुप्ता जगन्नाथ वनवासी गिरजा कारपेंटर धनंजय गुप्ताहेलो नवीन विश्वकर्मा नीरज राजपूत सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सफलता पूर्वक संपन्न हुआ दो दिवसीय पेसा अधिनियम प्रशिक्षण कार्यक्रम





हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।

जनपद पंचायत, करंजिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के निर्देशन में पेसा दिवस एवं गोरखपुर क्लस्टर में दो दिवसीय पेसा क्षेत्रों में पेसा अधिनियम 1996 के जागरूकता का विस्तार विषय पर आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुवात जनपद सदस्य शशि हस्तपुरिया, सरपंच रामेश्वरी मार्को, ग्राम पंचायत मोहतरा सरपंच लक्ष्मी तेकाम सभी सातों ग्राम पंचायतों के सरपंच, नीति आयोग से हरिश विश्वकर्मा ग्राम पंचायत गोरखपुर सचिव गुलसिंह धुर्वे ने भगवान बिरसा मुंडा एवं डॉ भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा में पुष्प, वंदन, फूलमाला और दीप प्रज्ज्वलित कर पेसा दिवस की कार्यक्रम की शुरुवात की और ग्राम सभा के सदस्यों सहित 51 प्रतिभागियों ने भाग लिया।प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन, मास्टर ट्रेनर हरिश विश्वकर्मा एवं सहयोगी मदन नागवंशी ने पेसा अधिनियम के अंर्तगत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन, पेसा प्रश्नोत्तरी सेशन किया गया जिसमें सातों पंचायतों से आए हुए सरपंच, उपसरपंच, पेसा अध्यक्ष, पंच एवं ग्राम सभा के सदस्यों ने भाग लिया और अपने अपने ग्राम पंचायतों हेतु पोस्टर बनाए जिसमें मानिकपुर पंचायत को पुरस्कार विजेता हुआ इसके साथ ही ग्राम पंचायत में आगामी कार्य हेतु पेसा से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। इसके अलावा, पेसा प्रशिक्षण कार्यशाला में आए सभी प्रतिभागियों ने कार्यशाला में सीखे गए विषय वस्तुओं पर अपना अपना वक्तव्य रखा।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राम पंचायत और ग्राम सभा के सदस्यों को पेसा अधिनियम के प्रावधानों और उनके कार्यान्वयन के बारे में जानकारी प्रदान करना है।



### कलेक्टर ने फ़ल्टिर प्लांट और सीवर ट्रीटमेंट प्लांट का किया निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** कलेक्टर हर्ष सिंह ने बुधवार को नगर परिषद डिंडौरी में सीवर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। कलेक्टर हर्ष सिंह ने अपशिष्ट जल के प्रबंधन के लिए बनाये जा रहे सीवर ट्रीटमेंट प्लाण्ट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि प्लांट का निर्माण कार्य पुरा हो चुका है, ट्रायल रन का कार्य भी हो चुका है। वर्तमान में नगर के 1600 घरों में कनेक्शन कर लिया है, शेष घरों में कनेक्शन कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर ने ट्रीटमेंट प्लांट की कार्य प्रणाली के बारे में जानकारी ली, उन्होंने पानी के पुन उपयोग के सम्बन्ध में जानकारी ली, जिसमें बताया गया, कि 3.84 एमएलडी पानी के लिए प्लांट क्षमता है। किसानों से चर्चा रीयूज़ वाटर के उपयोग की योजना पर कार्य चल रहा है। कलेक्टर श्री सिंह ने पानी शेष कार्य को पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया,उन्होंने कहा कि जनवरी 2025 तक घरेलु कनेक्शन का कार्य पूरा करने के निर्देश दिए,उन्होंने फ़ल्टिर हुए पानी का सदुपयोग वन क्षेत्र का विकास, सिंचाई आदि रूप से करने के लिए निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने सम्बंधित अधिकारियों को प्लांट के सम्बन्ध में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए निर्देश दिए।उक्त निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, एसडीएम डिंडोरी रामबाबू देवांगन, सीएमओ सत्येंद्र सालवार सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना नगरी के तहत अटल हाउसिंग प्रोजेक्ट कार्य का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।

नगर परिषद के कार्यों का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर हर्ष सिंह ने आज अटल हाउसिंग प्रोजेक्ट के तहत किये जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। प्रोजेक्ट के तहत 348 आवासों का निर्माण किया जा रहा है, वर्तमान में 88 आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, शेष कार्य जारी है। कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने कार्य की धीमी प्रगति होने के कारण की जानकारी ली,उन्होंने सम्बंधित कॉन्ट्रैक्टर को पेनाल्टी लगाने और आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने कॉलोनी निवासियों से चर्चा कर पेयजल, स्वच्छता आदि मुद्दों की जानकारी ली। कलेक्टर सिंह ने अपशिष्ट प्रबंधन करने, स्वच्छता व्यवस्था, सीढ़ी निर्माण आदि के सम्बंध में नगर परिषद को निर्देश दिए, साथ ही उन्होंने शेष निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।उक्त निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर श्री सरोधन सिंह, एसडीएम डिंडोरी श्री रामबाबू देवांगन, सीएमओ श्री सत्येंद्र सालवार सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।कलेक्टर हर्ष सिंह ने निर्माण कार्य के लिए शासकीय भूमि का किया निरीक्षण नगर में इंडोर स्टेडियम, संयुक्त अनुविभागीय राजस्व अधिकारी और तहसील भवन आदि का निर्माण किया जाना है। निर्माण कार्य के लिए उपयुक्त शासकीय भूमि के लिए कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने आज उत्कृष्ट मैदान, कलेक्ट्रेट कॉलोनी, वार्ड क्रमांक 6 में भूमि का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य हेतु की जाने वाली आगामी आवश्यक कार्यवाही के लिए एसडीएम डिंडोरी को निर्देशित किया। उन्होंने अनुपयोगी शासकीय भूमि, जीर्ण शीर्ण भवन को चिन्हित कर उपयुक्त कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उक्त निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, एसडीएम डिंडोरी रामबाबू देवांगन, सीएमओ सत्येंद्र सालवार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# शहपुरा में जिला कांग्रेस की बैठक हुई संपन्न

## सभी कार्यकर्त्ता एकजुट होकर काम करें : फूंदेलाल मार्को

हरिभूमि न्यूज शहपुरा



शहपुरा में नियुक्त जिले के संगठन प्रभारी पुष्पराजगढ़ विधायक फुदेलाल मार्को की अध्यक्षता में शहपुरा विधानसभा के कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया, सर्वप्रथम सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन प्रभारी का सूत की माला पहनाकर स्वागत किया गया फूंदेलाल मार्को ने कहा कि अब संगठन को नए सिरे से खड़ा करना है वार्ड स्तर ग्राम स्तर पर कांग्रेस कमेटी का गठन करना है और बाबा साहब अंबेडकर का जो मजाक उड़ाया गया है इसके विरोध में जब तक देश के गृहमंत्री अमित शाह का इस्तीफा नहीं होता निरंतर विरोध प्रदर्शन करते रहना है राष्ट्रीय सचिव भूपेंद्र मरावी ने कहा कि हमें पुरानी बातें भूलकर एकजुट होकर भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ लड़ना है और पार्टी को मजबूत करना है ताकि हम कांग्रेस से आए निर्देशों का गतिविधियों का अच्छी तरह से पालन कर सके जिला अध्यक्ष ने कहा कि हमें प्रत्येक ब्लॉक में संगठन को मजबूत करना है और निरंतर दौरे करना है और कार्यकर्ताओं का मनोबल भी बढ़ाना है संगठन मंत्री राजेंद्र गुप्ता ने कहा कि हम एक-एक कार्यकर्ताओं को जोड़ना है रूठो को मनाना है और मजबूती के साथ भाजपा के खिलाफ लड़ाई लड़नी है कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष संजय राय दुर्गा साहू महेंद्र ठाकुर सुश्री कृष्णा उरेती रेवा प्रसाद झारिया अमर सिंह मरावी मोहितलाल साहू अमित कछवाहा अजय शर्मा रघुनंदन पांडे नानसिंह मार्को संदीप झारिया रसूल खान दीपक मानिकपुरी रामप्रसाद झरिया गंगा मरावी संजय दुबे कमला सैयाम महादेव मरावी रामप्रसाद झारिया प्रीतिमां सांडिया चिंकी सिंह एवं समस्त कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# परिजनों का आरोप स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से गई जान

## एक साथ तीन टीके लगने से हुई मासूम की मौत मामला

मेंहदवानी

पुलिस थाना मेंहदवानी के ग्राम बहादुर काहरिभूमि न्यूज मेंहदवानीपुलिस थाना मेंहदवानी के ग्राम बहादुर में मंगलवार को आंगनबाड़ी केंद्र ददरा टोला बहादुर में एएनएम ज्योति कुलेश के द्वारा 2 माह 13 के नवजात प्रीत लाल यादव को एक साथ तीन टीके लगाए गए थे जिसके लगभग 11 घंटे बाद रात्रि लगभग एक बजे मासूम की मौत हो गई। इस संबंध में परिजनों ने एएनएम पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए पुलिस थाना मेंहदवानी में शिकायत दर्ज कराई है। मृतक मासूम की मां रोशनी यादव ने रोते बिलखते बताया कि मंगलवार को आशा कार्यकर्ता बच्चे को टीका लगवाने आंगनबाड़ी केंद्र बुलाया था जहां एएनएम के द्वारा मासूम को दो टीके पैर के जांघों में तथा एक टीका कंधे के पास लगाया गया था इसके साथ ही दवा पिलाई गई थी। टीके लगने के कुछ घंटे बाद से बच्चे की तबियत ठीक नहीं लग रही थी परन्तु एएनएम ने कहा था कि बच्चे को बुखार आएगा घबराना नहीं। रात्रि लगभग एक बजे बच्चे को दूध पिलाने के लिए उठाया तो बच्चे की मौत हो चुकी थी मैं रोने लगी तो पति जाग गए और तत्काल इसकी जानकारी परिजनों को दी। परिजनों ने इसकी जानकारी पुलिस डायल 100 को दी। मेंहदवानी पुलिस ने परिजनों से बच्चे को लेकर सुबह थाना आने को कहा। परिजन बुधवार की सुबह मृत बच्चे का शव लेकर पुलिस थाना मेंहदवानी पहुंच गए। पुलिस ने मृतक की मां की शिकायत पर मर्ग कायम कर शव परीक्षण कराया और शव परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी लगने के बाद नायब तहसीलदार मेंहदवानी सुखमन सिंह कुलेश थाना प्रभारी श्याम सुंदर उसराठे को लेकर ग्राम बहादुर जाकर आंगनबाड़ी केंद्र जाकर जानकारी ली।इनका कहना हैदो बच्चियों के बाद मेरी पत्नी ने बेटे को जन्म दिया था और नसबंदी करा लिया था परन्तु बेटा स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही की भेंट चढ़ गया। रमसू लाल यादव पिताहमारे द्वारा मृतक की मां की शिकायत पर मर्ग कायम कर शव परीक्षण कराया गया है पीएम रिपोर्ट आने का इंतजार है। मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दे दी गई है और जांच की जा रही है।





खबर संक्षेप

### एस एस सी जीडी परीक्षा 2024 में आशु दुबे का CISF में चयन



शहपुरा - डिंडोरी जिले के जनपद शहपुरा के ग्राम देवरी खुर्द निवासी राजेश कुमार दुबे श्रीमती वंदना दुबे के पुत्र आशु दुबे का एसएससी जीडी 2024 परीक्षा में उत्तीर्ण हुआ है एवं सी.आई.एस.फ में आंसू दुबे का चयन हुआ है। आशु दुबे के चयन होने पर दादी सुशील दुबे सुरेश दुबे, अर्चना दुबे, प्रेम दुबे, वासु दुबे देव कुमार दुबे नाना श्री मदन मोहन दुबे बुआ नानी लालवत्ती दुबे, लक्की ,सतीश मामा , केहरी उसरते,तोताराम साहू, टूमलाल साहू,कोमल भवेदी ,मोहन बर्मन,जगदीश भवेदी तथा ग्रामीण जन ने हर्ष व्यक्त किया है।

### शराब के नशे में वाहन चलाने वाले तीन चालको पर हुई कार्यवाही

**अनूपपुर।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोतिउर रहमान द्वारा ड्रिंक एंड ड्राइव के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें नशे में वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर कार्यवाही एवं लाइसेंस निलंबित करवाए जा रहे हैं। जिससे ड्रिंक एंड ड्राइव की प्रवृत्ति में कमी लाई जाकर दुर्घटना को रोका जा सके। ट्रैफिक पुलिस द्वारा तीन वाहन चालक जिसमें एक ट्रक चालक भी सम्मिलित है। कार्यवाही करते हुए वाहन को जप्त किया, प्रकरण तैयार कर माननीय न्यायालय पेश किया जाएगा।रात्रि के समय रोड किनारे खड़े वाहनों से टकराने के कारण दुर्घटनाएं घटित होती हैं जिसका मुख्य कारण वहां की पार्किंग लाइट ना जलना या रेडियम ना लगा होना है, इसके प्रति जन जागरूकता लाने हेतु ट्रैफिक पुलिस द्वारा वाहनों में रेडियम रिफ्लेक्टर लगाए जा रहे हैं, जिससे रात्रि के समय खड़े वाहनों से टकराकर होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके। फास्ट ट्रैफिक पुलिस द्वारा लगभग 50 वाहनों में रेडियम रिफ्लेक्टर लगाए गया। ट्रैफिक पुलिस द्वारा वाहन चालकों को रोक कर उन्हें ट्रैफिक रूल्स के बारे में बताया जा रहा है, हेलमेट एवं सीट बेल्ट की उपयोगिता एवं महत्व के विषय में जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। दिसंबर को फरियादी संदीप कुमार चंद्रवंशी पिता पूरनदास चंद्रवंशी उम्र 29 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 1 ग्राम बहपुर थाना अमरकंटक के द्वारा आरोपीगणों द्वारा शराब पीने के लिए पैसे की माँग करते हुये गलौज कर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 217/24 धारा 296, 115(2), 351(3), 119(1), 3(5) बी.एन.एस. पंजीबद्ध कर तत्काल आरोपीगणों की पता तलाश करने टीम रवाना किया गया। फलस्वरूप आरोपी मनीष उर्फ मक्का पिता लवलेश महरा तथा सुनील पिता जगत सिंह महरा निवासी बहपुर जिनके विरूद्ध पूर्व में भी अनेक अपराध पंजीबद्ध है जिसको 4 घंटे के भीतर विधिवत गिरफ्तार किया गया है।

### अटल बिहारी वाजपेई की जयंती के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष की हुई रायशुमारी

**अनूपपुर।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्व. अटलबिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर को अनूपपुर भाजपा कार्यालय में सुशासन दिवस के रूप में मनायी गई इसके साथ ही संगठन महापर्व के अंतर्गत भाजपा जिला अध्यक्ष पद के लिए रायशुमारी की गई। भाजपा जिला अध्यक्ष पद के लिए रायशुमारी को संपन्न कराने के लिए पहुंचे बालाघाट के पूर्व विधायक शहडोल संभाग के पर्यवेक्षक भगत सिंह नेताम, अनूपपुर के जिला निर्वाचन अधिकारी रीवा के पूर्व महापौर वीरेंद्र गुप्ता के द्वारा भाजपा के अपेक्षित सभी कार्यकतार्ओं से एक एक कर बंद कमरे में भाजपा जिला अध्यक्ष पद के दावेदारों के नाम की पर्ची बंद लिफाफे में लेकर रायशुमारी की कार्यवाही को संपन्न किया। अनूपपुर भाजपा कार्यालय में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जयंती के अवसर पर उन्हें सभी लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके जीवन पर अतिथियों ने प्रकाश डाला।

## खबर संक्षेप

### मनाया गया तुलसी पूजन दिवस



**नरसिंहपुर।** गत दिवस श्री शिव शक्ति पर्यावरण संरक्षण संगठन द्वारा गजेंद्र सिंह राजपूत के निवास पर तुलसी पूजन दिवस पर तुलसी माता की पूजन अर्चना वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ किया गया तथा प्रसादी वितरण किया गया बताया गया कि आज के दिन माता तुलसी का पूजन करने से कष्टों से मुक्ति मिलती है तथा स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होता है। उक्त मौके पर अभिषेक शास्त्री, विजय तिवारी, आदित्य दुबे, कमलेश दुबे, प्रकाश शर्मा, गोपाल महाराज एवं और भी वक्त और श्री शिव शक्ति पर्यावरण संरक्षण संगठन के सदस्य उपस्थित रहे।

### सनकादिक जी महाराज का आगमन आज

**नरसिंहपुर।** श्री श्री 1008 अनंत विभूषित राष्ट्रीय संत श्री सनकादिक जी महाराज (चित्रकूट धाम) का आगमन आज 26 दिसंबर को श्री देव सिद्ध बाबा मंदिर, बायपास रोड में शाम 4 बजे होने जा रहा है। महाराज श्री रात्रि विश्राम के पश्चात 27 दिसंबर को दोपहर में ब्रह्मांड घाट के लिए प्रस्थान करेंगे। धर्म प्रेमियों से अनुरोध है कि महाराज श्री के दर्शन एवं आशीर्वाद हेतु उक्त स्थान पर पधारें।

### रोल प्रेक्षक की बैठक आज

**नरसिंहपुर।** रोल प्रेक्षक व आयुक्त जबलपुर अभय वर्मा का जिले में भ्रमण 26 दिसंबर को प्रस्तावित है। आयुक्त जबलपुर की अध्यक्षता में 26 दिसंबर को दोपहर 2 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष नरसिंहपुर में बैठक लेंगे। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एक जनवरी 2025 की अर्हता तिथि के मान से फोटो निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 प्रचलित है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश द्वारा नामावली के पुनरीक्षण कार्य के लिए पर्यवेक्षक के लिए आयुक्त जबलपुर को नरसिंहपुर जिला का रोल प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। यह जानकारी अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नरसिंहपुर ने दी है। भ्रमण के दौरान कोई भी नागरिक रोल प्रेक्षक से मतदाता सूची के संबंध में किसी शिकायत या अन्य के संबंध में मुलाकात कर सकता है। इसके अलावा उनके दूरभाष क्रमांक पर भी सम्पर्क किया जा सकता है। यह जानकारी अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नरसिंहपुर ने दी है।

### आस्था योग में मनाई गई अटल जयंती



**नरसिंहपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की 100वीं जयंती पर मून लाइट मैरिज गार्डन में संचालित आस्था योग संस्थान के साधकों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर अटल जी को याद किया। योग साधक कैलाश नेमा ने अटल जी को कुशल नेतृत्व के धनी और सहज, सरल व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। यूनुस खान ने अटल जी की नीतियों की सराहना की। सुशील कोठारी ने कहा कि इक्कीसवीं सदी के भारत को अटल सरकार ने एक नई दिशा, एक नई गति प्रदान की। अटल जी के नेतृत्व में प्रारम्भ हुई स्वर्णिम चतुर्भुज योजना को मुकेश पटेल ने विकास की बढ़ते कदमों को याद किया। साधक सत्यम नेमा ने सर्वशिक्षा अभियान के अन्तर्गत गुणवत्ता युक्त शिक्षा , सबके लिए शिक्षा के लिए अटल सरकार की आधुनिक और गुणवत्ता युक्त शिक्षा का जिक्र किया। पुष्पांजलि कार्यक्रम में सन्तोष नेमा, नेमीचंद साहू आदि साधकों ने भी विचार व्यक्त किए।

### कंटेनर पलटने से महिला व दो घायल



**नरसिंहपुर।** बुधवार को जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर दूर दादा महाराज के पास हाइवे पर बनी गुड़ भट्टी पर कार्य कर रही महिला व खेल रहे दो बच्चे कंटेनर ट्रक पलटने से चपेट में आ गई। मिली जानकारी के अनुसार फूलवती विश्वकर्मा पति गोविंद विश्वकर्मा उम्र 29 वर्ष गुड़ भट्टी में कार्य कर रही थी तथा सूर्यांश विश्वकर्मा पिता अभिलाष विश्वकर्मा 7 वर्ष व स्नेहा विश्वकर्मा पिता गोविंद विश्वकर्मा 3 वर्ष गुड़ भट्टी के पास खेल रहे थे तभी हाइवे से जा रहा कंटेनर ट्रक अनयंत्रित होकर गुड़ भट्टी के पास आकर पलट गया। जिसमें महिला व दो बच्चे घायल हो गये जिन्हे उपचार हेतु 108 एंबुलेंस इएमटी देवाशीष नागवंशी द्वारा प्राथमिक उपचार करते हुए पायलट शेख इस्लाम की मदद से जिला अस्पताल लाया गया जहां पर उपचारी जारी है।

# सुशासन दिवस कार्यक्रम में खाली रही कुर्सियां

## लाइव प्रसारण कार्यक्रम में प्रशासनिक कर्मियों ने नहीं दिखाई रूचि

### पंचायत मंत्री को मुंह चिड़ा गया जपं का सुशासन दिवस कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।





सरकार द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई जी की 100 जयंती को प्रदेश व देश की सरकार द्वारा सुशासन के रूप मे मनाये जाने का आदेश दिया गया। वही देश लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव प्रसारण कार्यक्रम भी देखा जाना सुनिश्चित किया गया था । शासन के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय मे स्थित जनपद पंचायत कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें आम नागरिकों को बुलाकर कार्यक्रम दिखाया जाना दूर की बात रही। कार्यालय मे पदस्थ कर्मचारियों द्वारा भी कार्यक्रम को लेकर कोई रुचि नहीं दिखाई गई। उक्त कार्यक्रम मे देर से पहुंचने पर गोटेगांव विधायक द्वारा खेद व्यक्त भी किया गया था और प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी द्वारा उनकी बात ना सुनने संबंधी कुछ बात भी कही गई थी।

### कार्यक्रम के दौरान कुर्सियां रहीं खाली

जनपद पंचायत में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा पूरी तैयारी की गई तथा कार्यक्रम प्रारंभ हुआ लाइव प्रसारण भी किया गया लेकिन प्रसारण के दौरान प्रशासन द्वारा लगाई गई कुर्सियों मे केवल महज 5-7 लोग ही बैठे नजर आये और सभी कुर्सियां खाली रही। कुर्सियों का खाली रहना प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों की गैर जिम्मेदारी को भी दर्शाता है तथा यह भी सिद्ध होता है कि जिले के राजनेताओं का भी उन पर कोई अंकुश नहीं है। सोचनीय बात यह भी है कि पंचायत मंत्री के विधानसभा क्षेत्र व गृह जिले में यह हालत है तो सुदूर अंचलों मे क्या हाल होगा। विचारणीय यह है कि पंचायत मंत्री के क्षेत्र मे ऐसा हो सकता है तो प्रदेश की अन्य जनपद पंचायत और ग्राम पंचायतों मे क्या नही हो सकता है। जिले की राजनीति को आइना दिखने का काम भी उक्त कार्यक्रम कर गया।

### बूटी खरीदते नजर आये कर्मचारी

सरकार द्वारा चलाये जा रहे सुशासन दिवस पर लाइव प्रसारण कार्यक्रम के दौरान शासकीय सेवक जिन्हे मूल रूप से कार्यक्रम को सुना जाना आवश्यक समझा जा रहा था। लेकिन उसके विपरीत जनपद पंचायत कार्यालय मे पदस्थ कर्मचारी नेपाली घुमंतू व्यापारी से जीवन व परिवार वर्धक औषधीय दवा खरीदते नजर आये। कर्मचारियों के लिये ये दवाई इतनी जरूरी नजर आई कि प्रधानमंत्री का लाइव प्रसारण कार्यक्रम महत्वपूर्ण नहीं थां। जिले के नेताओं को इन कर्मचारियों सीख लेना चाहिए की कौन सा कार्यक्रम जरूरी है वह कार्यक्रम कराये तथा खाली कुर्सियों को लाइव प्रसारण दिखाकर औपचारिकता ना करायें। ऐसे लापरवाह कर्मचारियों के कारण सरकार की मूलभूत योजनाओं का लाभ लोगों को नही मिल पाता प्रशासन को चाहिए की इन कर्मचारियों को चिन्हित कर ठोस कार्रवाई करे जिससे शासन द्वारा आयोजित सुशासन दिवस जैसे कार्यक्रम को नजरअंदाज करने का दुस्साहस और अन्य कर्मचारी ना कर सकें।

### नेताओं - अफसरों की डाँट फटकार बेअसर

जिले में पदस्थ कर्मियों को नेताओं व अफसरों की डांट - फटकार को कोई असर नहीं होता और ना ही उन्हें किसी प्रकार का भय है। उक्त कार्यक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें देखा गया कि देश के प्रधानमंत्री का लाइव प्रसारण चल रहा है। वही कुछ दूर प्रशासन के कर्मचारी बड़ी संख्या मे जीवन व परिवारवर्धक औषधीय दवाई खरीदते नजर आ रहे है और कार्यक्रम स्थल पर खाली कुर्सियां पंचायत मंत्री व जिले के नेताओं को मुंह चिड़ा रही है। जबकि उक्त कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा विभिन्न योजनाओं की जानकारी व कई जानकारियां भी दी गई। जिनसे उक्त कर्मचारियों को कोई लेना देना होना प्रतीत होता है ऐसे मे जब कर्मचारियों ने योजना के बारे मे सुना ही नही होगा तो जनता को योजनाओं के बारे मे क्या जानकारी देंगे। अब देखना कार्यक्रम में लापरवाही दिखाने वाले कितने कर्मचारियों के प्रशासन द्वारा उत्कृष्ट कर्मचारी अवार्ड गणतंत्र दिवस समारोह पर दिया जावेगा।

## चोरी मोटरसाइकिल व 4 बोरी मक्का बरामद, चोर गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस थाना क्षेत्र ठेमी पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुये चोरी के आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। शातिर चोर के कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल एवं 4 बोरी मक्का बरामद किया है। थाना ठेमी अंतर्गत फरियादी द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी गयी कि उसकी मोटरसाइकिल एवं 4 बोरी मक्का कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए अपराध क्रमांक 633/2024 धारा 303 (2) बीएनएस कायम कर आरोपी की पतासाजी की गयी जिसके परिणाम स्वरूप थाना ठेमी पुलिस द्वारा 48 घंटे के अंदर सफलता प्राप्त करते हुए। आरोपी सोनू उर्फ नोखेलाल पिता कैलाश रैकवार निवासी समनापुर का गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से चोरी की गयी मोटरसाइकिल एवं 4 बोरा मक्का बरामद हुआ।

## गोटेगांव पुलिस को कामयाबी, अवैध शराब पकड़ी

गोटेगांव



थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कंजई के पास पुलिस ने सोमवार की रात एक इनोवा कार (क्रमांक एमपी 28 बीडी 2070) में अवैध शराब ले जाते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम कंजई के पास संदिग्ध गतिविधियां हो रही हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर इनोवा कार को रोका। पुलिस को देख चालक भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कार को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान कार से 16 पेटी अवैध शराब बरामद की गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विवेक लोधी, ओमकार पटेल, और राकेश विश्वकर्मा (सभी निवासी मवई पिपरिया) के रूप में हुई है। पूछताछ में उन्होंने बताया कि यह शराब जबलपुर के पनागर से गोटेगांव ले जाई जा रही थी। गोटेगांव पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया। कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रदीप सराफ के निर्देशन में गौरव नेमा, प्रशांत सिंह, सीजी पटले और अमित नामदेव की अहम भूमिका रही। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।

## हम होंगे कामयाब के तहत सेमिनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



जेंडर आधारित हिंसा को रोकने के लिए हम होंगे कामयाब नामक जागरूकता अभियान के अंतर्गत शासकीय हाईस्कूल खापा शेढ़ में लैंगिक अपराधों से बालक बालिकाओं का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) अधिनियम से संबंधित थाना मुंगवानी के सहायक उप निरीक्षक रफी अहमद फारुकी, आरक्षक रामकुमार डेहरिया के सहयोग से सेमिनार आयोजित किया गया। इस सेमिनार के द्वारा पोक्सो एक्ट से संबंधित विस्तृत जानकारी विद्यार्थियों प्रदान की गई। तथा विद्यार्थियों को गुड टच,बेड टच, साइबर सुरक्षा, आदि विषयों पर भी विस्तृत बताया गया। तथा पुलिस अधिकारियों द्वारा बताया गया कि आपको किसी भी प्रकार की समस्या होती है तो आप निकटतम थाने में शिकायत कर सकते हैं तथा आपकी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। पुलिस अधिकारियों द्वारा विद्यार्थियों से उनके प्रश्नों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम प्राचार्य एस के बक्शी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में शिक्षक भूपेंद्र पटेल, ओंकार गिर गोस्वामी, गेंदालाल काछी, प्रीति धुर्वे तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया क्रिसमस



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

गत दिवस सम्पूर्ण जिले मे प्रेम, भाईचारा एवं शांति के संदेश के साथ मानव जाति के उद्धार के लिए अवतरित प्रभु ईसा मसीह का जन्मोत्सव धार्मिक सद्भाव एवं समन्वय की दृष्टि से सर्वधर्म मिलन समारोह के रूप में सच्चिदानंद आश्रम में मनाया जाएगा। कार्यक्रम सभी धर्मो के लोगो द्वारा एकता व भाईचारे का संदेश दिया।

## 29 दिसंबर को खेला जाएगा श्री शंकराचार्य टूर्नामेंट का फाइनल



**गोटेगांव** गोटेगांव के समीपवर्ती प्रसिद्ध धार्मिक स्थल परमहंसी गंगा आश्रम में चल रहे श्री शंकराचार्य कप क्रिकेट टूर्नामेंट का विगत दिवस सेमीफाइनल मुकाबला महंगुवा 11 और सुनवारा के मध्य खेला गया जिसमें महंगुवा 11 ने ट्रांस जीत कर पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया जिसमें सुनवारा टीम ने बल्लेबाजी करते हुए सीमित 10 ओवर में महंगुवा 11 के लिए 91 रनों का लक्ष्य रखा जिसमें महंगुवा11के शानू खान ने पांच विकेट लिए जवाब में महंगुवा 11 ने 3 विकेट खोकर नो ओवर में 92 रन बना लिए मैच के मैन ऑफ द मैच रहे उदय पटेल जिन्होंने शानदार 70 रनों की पारी खेली इस तरह महंगुवा11 ने फाइनल में अपनी जगह बनाई विदित हो श्री शंकराचार्य कपटूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 29,12,2024 को रविवार के दिन महंगुवा 11 और करेली बगवार टीम के बीच खेला जाएगा।

## थाना ठेमी शातिर चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गोटेगांव** -थाना ठेमी अंतर्गत चोरी की घटना को अंजाम देने वाला शातिर चोर 48 घंटे के अंदर पुलिस गिरफ्त में,चोरी की गयी एक मोटर साईकिल एवं 4 बोरी मक्का वरामद,पूरा मामला थाना ठेमी अंतर्गत फरियादी द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी गयी कि उसकी मोटर साईकिल एवं 4 बोरी मक्का कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए अपराध क्रमांक 633/2024 धारा 303 (2) बीएनएस कायम कर आरोपी की पतासाजी की गयी जिसके परिणाम स्वरूप थाना ठेमी पुलिस द्वारा 48 घंटे के अंदर सफलता प्राप्त करते हुए आरोपी सोनू उर्फ नोखेलाल पिता कैलाश रैकवार निवासी समनापुर का गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गयी। आरोपी के कब्जे से चोरी की गयी मोटरसाईकिल एवं 4 बारे मक्का वरामद किया गया है,उक्त आरोपी की पतारसी एवं मशरूका बरामदगी में थाना प्रभारी निरीक्षक रत्नाकर हिग्वें, उनि सियाराम सिंह परिहार, प्र.आरक्षक अवधेश पटेल की भूमिका रही है।



## दूरदर्शी सोच के व्यक्तित्व थे पं बाजपेई

तेंदूखेड़ा



25 दिसंबर भाजपा के आधार स्तंभ पं अटल बिहारी वाजपेई की जयंती अवसर पर ग्राम मनकापुर में37लाख 49हजार की लागत से बनने वाले पंचायत भवन का भूमिपूजन किया गया।इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल के साथ साथ भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।इस मौके पर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया तथा उनके जीवन दर्शन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने कहा कि पं बाजपेई दूर दर्शी सोच के देश का हित चिंतक नेता थे अटल जी सन 1951 से सक्रिय राजनीति की जनसंघ पार्टी से राजनीति शुरू की 1957 में पहली बार सांसद बने एवं 1977 में जनता पार्टी का उदय हुआ । उनके विचारों पर ही भारतीय जनता पार्टी वटवृक्ष की तरह आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनकर खड़ी हुई है।अटल जी की सोच से ही भारत देश में प्रधानमंत्री सड़कें नदी से नदी जोड़ने महत्वपूर्ण योजनाएं किसान क्रेडिट कार्ड बनना शुरू की गई।वे विराट सोच वाले अच्छे कवि थे। विपक्ष में रहते हुए भी अटल जी से सलाह मशवरा मार्गदर्शन लिया जाता था। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अभिलाष मिश्रा अमितेंद नारोलिया नप अध्यक्ष विष्णु शर्मा जिउपा संतोष पटेल राजीव अग्रवाल शिवदयाल खैरोनिया सुनील जैन डालचंद पटेल जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र गंगोलिया सरपंच धर्मेंद्र सिंह ठाकुर मंडल अध्यक्ष सोनू महाराज सहित जनपद सीईओ संजीव गोस्वामी एसडीओ अनिमैष जैन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्राम वासी उपस्थित थे।

# आंतरिक सड़कों के बनने से मुख्य मार्गों पर होगा दबाव खत्म

तेंदूखेड़ा

विधानसभा क्षेत्र में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए सड़कें बनाई गई, लेकिन अभी भी कई ऐसी आंतरिक सड़कें हैं जिनके न बनने से लोगों को आवाजाही में दिक्कतें तो होती हैं साथ ही उनके समय, दूरी और धन की बर्बादी भी होती है। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आंतरिक सड़कों के निर्माण से मुख्य मार्गों पर पड़ने वाला यातायात का दबाव भी कम रहता है, लेकिन कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जिनमें सड़कों का निर्माण आज भी अपेक्षित है पर शासन के उपेक्षित नजरिए के कारण इन सड़कों का निर्माण नहीं हो पा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के लोग इन आंतरिक सड़कों के निर्माण की लगातार मांग करते आ रहे हैं।

*तेंदूखेड़ा से काचरकोन मार्ग* तेंदूखेड़ा के वार्ड क्रमांक 3 छोटी हासिद्धि से काचरकोना जाने वाला मार्ग काफी पुराना है। इस मार्ग के निर्माण की मांग वर्षों से की जा रही है। इस मार्ग के बनने से चीरा तिगड्डा तक का चक्कर लगाए बगैर ही लोग सीधे काचरकोना इमलिया और बिल्धारी तक आवागमन कर सकते हैं, इसमें समय कम लगने के साथ मुख्य मार्ग का भी दबाव कम होगा।

*ईश्वरपुर से खमरिया सड़क* ग्राम ईश्वरपुर के टपरियों से सीधे खमरिया होकर लोग राष्ट्रीय राजमार्ग 45 फोरलेन तक पहुंच सकते हैं, अभी ईश्वरपुर डोभी के लोगों को तेंदूखेड़ा से चांवरपाठा होकर एनएच तक पहुंचना पड़ता है, यहां से बरकुंडा खेरी से भी गुटोरी तक पक्की सड़क भी बनाई जा रही है।

### सुन्हेटी से काचरकोना तक जाने वाला मार्ग

ग्राम सुन्हेटी पावर हाऊस से सीधे काचरकोना तक जाने के लिए काफी प्राचीन सड़क मार्ग है। इस सड़क के बन जाने से सीधे काचरकोना तक पहुंचा जा सकता है। अभी फिर टेकापार लोगों को या तो तेंदूखेड़ा होकर या। होकर सुन्हेटी आना-जाना करते हैं। यह मार्ग समय दूरी और ईंधन खर्च की दिशा में काफी

किफायती सिद्ध हो सकता है। *ईश्वरपुर से डोभी सड़क* प्रतिष्ठित ईश्वरपुर से सीधे गांव के भीतर से डोभी मुख्य सड़क मार्ग तक पहुंचा जा सकता है, यह मार्ग किसानों के लिए तो किफायती है ही वहीं आम तौर पर छोटे वाहन चालकों को भी सीधे ईश्वरपुर तक आने के लिए सुविधा जनक है बाजू से और भी ग्रामीण क्षेत्र जुड़े हुए हैं, उनके लिए भी यहाँ से आवागमन सुविधा जनक बन जाएगा।

### भोई दादा से शासकीय नलकूप तक

गाडरवारा सड़क मार्ग पर पड़ने वाले बीकोर के लोगों को मुख्य सड़क पर आने के लिए सात किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। यदि शासकीय नलकूप से मात्र एक जाती है तो सात किलोमीटर की दूरी कम होने किलोमीटर भोई दादा तक पक्की सड़क बन के साथ सीधा आवागमन सुलभ हो सकता है। लंबे समय से यहां के लोगों के द्वारा यह विषय रखा और तत्कालीन मुख्यमंत्री महोदय को भी जानकारी दी गई थी उन्होंने भी अपनी



स्वीकृति प्रदान की थी लेकिन आज तक कोई उचित निष्कर्ष नहीं निकल सका है। *खैरुआ से सीधे टपरियां से बन सकती है सड़क*

हाल ही में ग्राम मदनपुर के खेरुआ गांव का सरकारी रास्ता खुल जाने के बाद से यहां से लोगों को निकलने की सुविधा मिलने लगी थी। वहीं सीधे टपरियों तक एक खेत सड़क बन जाने से सीधे मदनपुर खेरुआ का मुख्य सड़क

तक पहुंचे बगैर ही आवागमन सुचारू हो सकता है और किस के ले जाने के लिए सुविधा भी मिलने लगेगी।

### तेंदूखेड़ा से जैतपुर

नगर परिषद् तेंदूखेड़ा के वार्ड क्र.8 से सीधे जैतपुर जाने के लिए पुराना के लिये और सुन्हैटी तिगड्डा होकर जैतपुर के कच्चा मार्ग है, लेकिन एनएच 45 से जैतपुर लिए अपनी कृषि उपज लाने बन गया है, लेकिन इस लिये पक्का मार्ग तो मार्ग पर काफी चक्कर और समय लगने के

कारण लोगों को परेशानी होती है। ग्राम पंचायत के माध्यम से तेंदूखेड़ा से जैतपुर जैतपुर ग्राम के लोगों ने अनेक बार अपनी तक पक्का मार्ग बनाए जाने की मांग रखी। परंतु उनकी मांग को आज तक पूर्ण नहीं किया गया है। अगर यह मार्ग बन जाता है तो स्कूली छात्र-छात्राओं महिलाओं वृद्धजनों को आवागमन में सुलभता होगी। नगरीय क्षेत्र में भी ऐसे बहुत से सड़क मार्ग है यदि उनका निर्माण होता है तो निश्चित तौर पर मुख्य सड़क मार्गों से दबाब खत्म हो सकता है। जैसे की टाल मुहल्ला से सीधे खेरापति मंदिर वार्ड क्रमांक 05 से सीधे हरसिद्धि मंदिर सड़क मार्ग जुड़ने से डोभी इमझिरा तरफ के लोग सीधे एन एच से जुड सकते हैं।